तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024


12 जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका ने सुदूर ...



13 नमो ऐप व राम मंदिर दर्शन के लिए हुई भाजपा ....





# पहले थे कच्चे मकान में, अब प्रधानमंत्री ने हमें पक्का आवास दिलाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन वीर सावरकर भवन एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आयोजित संकल्प शिविर में महापौर श्रीमती सफीरा साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे सहित जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा किया जा रहा है। शहर की जनता योजनाओं का लाभ लेकर सरकार के मंशा के अनुरूप कार्य करें। जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो, सबको विकास से जोड़ना है। समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। जनमानस योजनाओं का पूरा लाभ ले। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने प्रदेश के 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि प्रदाय, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, आयुष्मान योजना व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए विकास के हर काम को सभी के साथ मिलकर किये जाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर 2047 ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कच्चे मकान को पक्के मकान में बदलने के लिए हितग्राहियों ने पीएम का माना आभार

### हितग्राहियों ने अनुभव साझा किया

वही विकसित संकल्प यात्रा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेने वाले जितेंद्र शर्मा एवं रश्मिता बिसोई वीर सावरकर वार्ड अरुण वर्मन महारानी वार्ड ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्व वह कच्चे मकान में रहते थे, कच्चे मकान में रहने से उनका जीवनशैली काफी दायनीय था, प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण से उनका मकान पक्का बन गया जिससे उनके पूरे परिवार को इसका लाभ मिला।



### व्यवसाय के लिए राशि मिली

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभ मिलाने भरत जंगम भैरमदेव एवं मंजू सिंह छत्रपति शिवाजी वार्ड ने बताया कि उनका व्यवसाय के लिए रुपए की आवश्यकता थी, आर्थिक स्थिति सही नही होने के कारण पैसे की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी, परंतु केंद्र शासन की प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से उनके व्यवसाय को काफी लाभ मिला। जिससे आज उनके जीवनशैली व व्यवसाय में काफी सुधार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई



**अंतागढ़।** राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में देवालयों के आसपास स्वच्छता अभियान की शुरुवात विधायक विक्रम उसेंडी ने अंतागढ़ के हनुमान मंदिर से किया। भाजपा मंडल के कार्यकताओं के साथ स्वच्छता अभियान में जितेंद्र मरकाम, राम विलास गुप्ता, महेंद्र सिंग ठाकुर, बंटी ठाकुर, सुनील ठाकुर, महावीर ठाकुर, अमल नृवास, अवधेश साहू , सतीश ठाकुर, अमित निषाद, गोलू महावे, प्रतीक ठाकुर, इरफान खान, अजय यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विवेकानंद जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**कांकेर।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर गढ़पिछवाड़ी के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने विवेकानंद को विशाल लक्ष्य, राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, धैर्यशील, अदम्य साहस एवं विशाल व्यक्तित्व का धनी बताया। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। भ्रमण के दौरान विद्यालय के छोटे बच्चो ने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा धारण किया, जो बड़ा आकर्षक था। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए स्वामी रामदेव बाबा मंदिर के पास पहुंची जहां सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अशोक राठी, कोठारी संस्था के प्राचार्य कैलाश कुमार तारक, समस्त आचार्य व शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### शराब परोसते युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत जामगांव में 13 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजें पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए बाजारपारा जामगांव निवासी 31 वर्षीय लोकेश रजक को पुलिस ने लोगो को अवैध रूप से शराब पिलाते पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा अन्य लोगो शराब परोसे जाने की जानकारी मुखबिर से मिला था। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया और आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और दो नग डिस्पोजल को जप्त कर 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कवाची पटेलपारा दुर्गुकोंदल निवासी 18 वर्षीय सांवली नरेटी पिता सुकलाल ने 13 जनवरी को शाम सवा 4 बजे अज्ञात कारणो के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद का पुतला दहन



**अंतागढ़।** युवा मोर्चा मंडल अंतागढ़ द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता असीम राय की निर्मम हत्या के अक्षम्य अपराधी कॉंग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गाँगुली एवं पार्षद विकास पाल का युवा मोर्चा मंडल द्वारा गोल्डन चौक में पुतला दहन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## 432 हर्ट्स ब्रेनजीम संस्था संगीत के माध्यम से बच्चों को सीखा रहे सरल गणित

# ध्वनि तरंग से याददाश्त बढ़ाने की तकनीक सीख रहे बच्चे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

संगीत के माध्यम से गणित सिखाने और ध्वनि तरंग के माध्यम से तनाव मुक्त और एकाग्रता लाने की जानकारी देते हुए समाज के गरीब बच्चों को संगीत की शिक्षा उपलब्ध कराने और उन्हें मदद करने के उद्देश्य से गठित 432 हर्ट्स ब्रेन संस्था के सदस्यों ने धरमपुरा मार्ग पर स्थित महात्मा गांधी सेवा संस्थान के बच्चों को बताया। रविवार को महात्मा गांधी सेवा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए संस्था के सदस्य एवं समाजसेवी ललित अग्रवाल ने कहा कि जिस भी व्यक्ति के पास कोई विशेष योग्यता है तो उसे आम जनों में वितरित कर समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए और इस उद्देश्य को लेकर हमारी संस्था भी कार्य कर रही है। संस्था के ही सदस्य पवन गुप्ता ने बताया कि विभिन्न बीमारियों का उपचार इन दोनों ध्वनि तरंग चिकित्सा पद्धति के माध्यम से हो रहा है। संगीत के माध्यम से भी बच्चों में छुपी प्रतिभा को उजागर किया जा सकता है और गणित द्वारा भी संगीत सिखाया जा सकता है और संगीत के माध्यम से भी गणित को शारीरिक कृत कर बच्चों को समझने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इस संस्था के बच्चे संगीत के प्रति रुचि रखते हैं इसलिए संस्था के द्वारा उन्हें संगीत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस दौरान संस्था के चार बालिकाओं ने सिंथेसाइजर पर राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को संगीत की प्रारंभिक शिक्षा भी वे सप्ताह में तीन दिन प्रदान करते हैं और उत्कृष्ट विद्यार्थी को आगे की संगीत की शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षण संस्थान में भेजने की व्यवस्था संस्था द्वारा किए जाने के बाद भी उन्होंने कही। संस्था से जुड़ी महिला स्मृति गुप्ता ने बताया कि घर के कार्यों से समय निकालकर बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें पढ़ना और उनके सहयोग करने में काफी आनंद का अनुभव होता है। इस दौरान संस्था के संस्थापक सदस्यों में से श्रीमती नायडू एवं शिक्षक, शिक्षकों के साथ काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल रहे।



### शरीर में ऊर्जा का संचार व लाभ



संस्था के ही सदस्य विकास राजपूत ने बताया कि ध्वनि तरंग के माध्यम से अनेक बीमारियों का उपचार होता है इनमें से एक है तिब्बती सिंगिंग साउंड बोल थेरेपी। इसमें सात आठ धातुओं से बने छोटे, बड़े बर्तन होते हैं इन्हें बजाने के लिए विशेष हिस्ट्री का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही एक हैप्पी ड्रम भी होता है। इससे निकलने वाले ध्वनि तरंगों से विभिन्न बीमारियों का उपचार होता है मुख्यतः इस पात्र से निकले ध्वनि तरंग से तनाव मुक्त होता है, याददाश्त बढ़ता है और एकाग्रता आती है। शरीर के विभिन्न अंगों में रक्त संचार सही ढंग से होता है। शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और भी अनेक लाभ हैं। उन्होंने उपस्थित समाजसेवियों एवं अतिथियों को इसका प्रयोग कर अनुभव भी कराया।

## हिन्दी फिल्म के लिए ऑडिशन संभाग से पहुंचे कलाकार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर की स्थानीय फिल्म निर्माण कंपनी महक फिल्म्स एण्ड इंटरटेनमेंट लिमिटेड द्वारा शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर की हिन्दी फिल्म का निर्माण करने जा रही है। इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों को ही अवसर दिया जा रहा है, इसके लिए आज शहर के एक होटल में ऑडीशन लिया गया, जिसमें संभागभर से युवा आए हुए थे।

■ संभाग के सभी जिलों से पहुंचे थे युवा ऑडिशन देने

ऑडिशन में बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, कोण्डागांव सहित बस्तर जिले से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे हुए थे। फिल्म में विभिन्न किरदारों के लिए कलाकारों का चयन किया जाना है। फिल्म के निर्देशक सूर्या ताम्रकार ने बताया कि अब तक बस्तर में स्थानीय बोली हल्बी में ही वे फिल्म बनाते आए हैं, लेकिन अब हिन्दी में महिला सशक्तिकरण के विषय को लेकर फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। आज ऑडीशन में जज के रूप में अंचल के वरिष्ठ रंग निर्देशक एवं रंगकर्मी सुबीर नंदी, अंचल के संगीतकार राजेश महंती और नृत्य कला की जानकार श्रीमती अनिता ठाकुर मौजूद रहे। वहीं अंचल के वरिष्ठ कलाकार शिवप्रकाश सीजी की मौजूदगी रही।

**तीन विधाओं का किया परीक्षण**

आज ऑडिशन के दौरान अभिनय, गायन एवं नृत्य कला तीन विधाओं के तहत ऑडीशन लिया गया, इसके अलावा अभिनय के तहत चरित्र अभिनेता, कॉमेडियन, विलेन सहित अन्य विधाओं का भी अलग-अलग ऑडीशन लिया गया। निर्देशक ने बताया कि फिल्म की शूटिंग इसी माह आरंभ की जायेगी।

## भाजपाइयों ने राम जानकी मंदिर में की साफ सफाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में रविवार को दलपत सागर चौक स्थित राम जानकी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री के आव्हान पर मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर और एकत्र कचरा का निष्पादन किया। स्वच्छता अभियान में नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता और जिला के स्वच्छता संयोजक राजा यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नगर के समाज सेवी जुटे। इस अभियान को लेकर प्रदेश प्रवक्ता और निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में अभूतपूर्व वातावरण है।

■ मन्दिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने लगाया झाड़ू



### सभी मंदिरों में चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान

जिला स्वच्छता संयोजक ने बताया कि शहर अंतर्गत समस्त मंदिरों में स्वच्छता अभियान 22 जनवरी के बाद भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं, उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ ही अब संपूर्ण नगर में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।

## गोभी से महंगी है पत्तागोभी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

शहर के साप्ताहिक बाजार परिसर सब्जियों से भर गया और शहरीय, ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे। इस रविवार को बाजार में फूलगोभी से ज्यादा दर में पत्तागोभी बिक रही है। बाजार में प्याज 35-40 रूपए एवं मटर 50-60 रूपए किलो बिक रहा है। प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है, इसलिए प्याज की दर बढ़ने की संभावना बढ़ रही है। बाजार में टमाटर 10-15, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 40, हरी मिर्च 60, भिंडी 80, भट्टा 60, बरबटी 80, करेला 80, आलू 20, अदरक 180, लहसून 180 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

## उपकेन्द्र के निर्माण कार्य में विलंब से ठेकेदार को फटकार

उपकेन्द्र होने से महारानी अस्पताल को डबल विद्युत लाइन से जोड़ा जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

विद्युत कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल परिसर में उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य का तय समय समाप्त होने के बाद भी उपकेन्द्र का निर्माण पूरा नहीं होने से कंपनी के ईडी ने ठेकेदार को फटकार लगाया और उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि उपकेन्द्र के आसपास बच्चे खेलते रहते हैं, ऐसे में दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि इससे उप केन्द्र निर्माण होने से अस्पताल सहित लगभग आसपास के 8 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इसके अलावा महारानी अस्पताल को डबल विद्युत लाइन से जोड़ा जाएगा, जिससे एक लाइन में समस्या होने से दूसरी लाइन से अस्पताल में बिजली की सुविधा दी जा सकेगी।



### स्वास्थ्य कर्मी परेशान

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने इस संबंध में बताया कि महारानी अस्पताल परिसर में ठेकेदार की ओर से निर्माणाधीन उपकेन्द्र का कार्य सुस्त होने से स्वास्थ्य कर्मी एवं मरीज परेशान हैं।

### कार्य में मनमानी नहीं करें

विद्युत कंपनी के ईडी एसके ठाकुर ने बताया कि उपकेन्द्र निर्माण कार्य के ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य में मनमानी नहीं करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसलिए उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करें।

## बोगी के बाद आज मनाएंगे संक्रांति

# तेलुगू भाषी हर्षोल्लास से मना रहे 3 दिवसीय संक्रांति पर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

सनातन धर्म को मानने वाले तेलुगु भाषी इस वर्ष 14, 15 एवं 16 जनवरी को संक्रांति पर्व मना रहें हैं। इस पावन त्योहार को लेकर अंचल के तेलुगू समुदाय में भी जबर्दस्त उत्साह एवं उमंग व्याप्त है। पितरों की पुण्य स्मृति से जुड़े इस तीन दिनों तक मनाए जाने वाले पर्व के तहत पहले दिन बोगी और दूसरे दिन संक्रांति की पूजा होती है, जबकि तीसरे दिन कनुमा मनाया जाता है। शनिवार, रविवार की दरमियानी रात बस्तर जिला आंध्र समाज द्वारा बोगी मंटा विधान संपन्न किया गया। इस दौरान शहर के आंध्र समाज भवन एवं बालाजी मंदिर सहित लोगों ने अपने- अपने घरों में मध्य रात्रि से लेकर अल-सुबह तक अलाव जलाए। परंपरानुसार श्रद्धालु इस अलाव में पानी गर्म कर पावन स्नान करते हैं। तेलुगू पुरोहित पं. शंकर राव ने जानकारी देते बताया कि मकर संक्रांति के पहले बोगी मंटा का पालन अशुभ शक्तियों को नाश कर शुभ शक्तियों के आगमन के लिए किया जाता है। अशुभ शक्तियों के साथ मनुष्य का अहंकार एवं द्वेष भाव भी बोगी मंटा में भस्म हो जाता है। इसके बाद मकर संक्राति से शुभ शक्तियों का आगमन होने लगता है। सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस कारण अग्नि शक्ति में भी वृद्धि होती है। मकर संक्रांति के दिन पावन स्नान, पूजा पाठ व दान दक्षिणा से लोगों को काफी पुण्य हासिल होता है।



### हर वर्ष होता गोदा देवी कल्याणम

इसी तरह शहर के बालाजी मंदिर में रविवार शाम गोदा देवी कल्याणम पूजा का आयोजन किया गया। बताया गया कि गोदा देवी को दक्षिण की मीरा भी कहा जाता है, उन्होंने भगवान रंगनाथ स्वामी से विवाह रचाया था। उन्हीं की याद में बोगी पर्व पर मंदिरों में हर वर्ष गोदा देवी कल्याणम का आयोजन किया जाता है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप

### सरपंच व वार्ड वासियों ने चलाया सफाई अभियान



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्रापं छिन्दनार में आज ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। पंचायत के बाजार स्थल एवं मुख्य मार्ग के आस-पास ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच संध्या शुक्ला एवं वार्ड के पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच संध्या शुक्ला ने बताया कि हम लोग हर वार्ड में प्रत्येक दिन वार्डवासियों के साथ श्रमदान करेंगे तथा अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाए रखने की कोशिश करेंगे।

### संकुल केंद्र लामकेर में हुआ कहानी कथन उत्सव



**भोंड।** समग्र शिक्षा एवं लेंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तत्वधान में कहानी कथन उत्सव आयोजित किया गया। विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत प्राथमिक शाला लामकेर में गत दिवस आयोजित कहानी तिहार में संकुल के छः स्कूल शामिल हुए। कहानीकार द्वारा बच्चों के परिवेश से लेकर अलग-अलग कहानी बताई गई और उसे बच्चों द्वारा चित्र एवं कहानी लिखाया गया। साथ ही कहानी कथन उत्सव में कहानी के उद्देश्य के बारे में चर्चा किया गया। बच्चे बड़े मजे से कहानी का आनंद लिए और शिक्षक, समुदाय भी इस पहल को बहुत अच्छे से सराहे और आगे करने की बात कही।

### एपीएस में तीन त्यौहार एक साथ मनाए गए



**जगदलपुर।** शनिवार को आदेश्वर पब्लिक स्कूल खम्हारगांव में मकर संक्रांति, पोंगल एवं लोहड़ी का त्यौहार एक साथ मनाया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को इन त्यौहार के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अग्नि प्रज्वलित कर सभी बच्चों ने ढोल के साथ नृत्य करते हुए अपनी भीतर छुपी बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प लिया। अंत में सभी को तिल, गुड़,मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की सीईओ डॉ जीबी जॉर्ज, प्राचार्या श्रीमती बलवीर कौर एवं स्कूल व नर्सिंग कॉलेज के समस्त शिक्षक गण, विद्यार्थी व ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### सशिमं में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**जगदलपुर।** कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विवेकानंद सभागृह में कंगोली विद्यालय, धरमपुरा विद्यालय एवं बी.एड. कालेज के द्वारा सम्मिलित रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। प्रातः सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास के बाद खेल का आयोजन किया गया।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को भव्य रूप से मनाने हुई चर्चा

# नमो ऐप व राम मंदिर दर्शन के लिए हुई भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नमो ऐप विकसित भारत एम्बेसडर 100-डे चैलेंज एवं राम मंदिर दर्शन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा कार्यालय चितालंका में आज संपन्न हुई।

- पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समृद्ध एवं सशक्त भारत का हो रहा निर्माण



जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

भाजपा आईटी सेल संयोजक उरदो ठाकुर व सोशल मीडिया प्रभारी मोहन ठाकुर ने उक्त कार्यशाला में ऐप की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के भव्य अवसर को भव्य रूप से मनाने तथा राम मंदिर दर्शन हेतु चर्चा किया।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि विश्व के लोकप्रिय एवं देश के प्रधानमंत्री ने जो बोला वो किया। इसलिए इसे मोदी की गारंटी कहते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समृद्ध एवं सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है और पूरे विश्व में नव भारत के निर्माण के हम साक्षी है। जो हम सभी के लिये गौरव की बात है।

500 से अधिक वर्षों की तपस्या के बाद आराध्य प्रभु रामचंद्र जी के भव्य मंदिर का निर्माण अयोध्या में हो रहा है। इसे पूरा विश्व दिवाली के रूप में मनाने हेतु उत्सुक है। इस कार्यक्रम में विजय प्रसाद तिवारी, नविन विश्वकर्मा, रामबाबू गौतम, कुमार भदौरिया, ओजस्वी मंडावी, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष महापात्र, दुर्गा सिंह चौहान, मनोज ध्रुव, पिंटू उइके, राजा गुप्ता, मुकेश शर्मा, राकेश कुशवाहा, पायल गुप्ता, सुनीता भास्कर, सत्यनारायण महापात्र, मनीष सुराना, मुन्ना मरकाम, दीपक बाजपेयी, सतीश प्रेमचंदानी,रामू नेताम, उमेश्वर पुजारी, कुलदीप ठाकुर, श्रवण कड़ती समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभाविप ने किया शैक्षणिक संवाद का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानन्द के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिषद के छात्रों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अभाविप प्रदेश सहमंत्री एवं बस्तर जिला संयोजक शैलेष धुरव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अमृत महोत्सव वर्ष में 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन 7 से 10 दिसंबर तीन दिवशीय कार्यक्रम में आयोजित किया गया। शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों की उपस्थिति में बैठक एवं चर्चा किया गया।

अभाविप नगर एग्रिविजन प्रमुख विवेक मंडल ने कहा कि बताया कि शक्ति से भरा है, स्वामी जी का बचपन उनके जयंती पर करे उनकी शिक्षाओं का समर्थन। इस दौरान ईश्वर, परिवेद, अश्विन, अचिंत्य, वैभव, दीपक, रितेश, प्रशांत, युवराज, प्रवीण समेत अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्ट्राकर इलेवन, कालीपुर नाइट राइडर, केआरजे ने जीता मैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा गांधी मैदान में टेनिस बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के पांचवे दिन ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा गांधी मैदान में टेनिस बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा के सातवें दिन का पहला मैच स्ट्राकर इलेवन और फाइटर इलेवन के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर स्ट्राकर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और शुरू से तेज बैटिंग की। इसके बदौलत 12 ओवर में 91 रन बनाई। फाइटर इलेवन के बल्लेबाज फाइट नहीं कर पाए पूरी टीम 56 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच कालीपुर नाइट राइडर और ब्लेसिंग इलेवन के मध्य खेला गया इसमें कालीपुर ने आसानी से जीत हासिल की।

तीसरा मैच जिओ इलेवन और केआरजे के मध्य खेला गया। केआरजे ने इस मैच में जीत हासिल की। चौथा मैच आज जेसीसी इलेवन और डीबी इलेवन के मध्य खेला गया टॉस जीत कर डीबी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। सन्नी ने 20 गेंद पर 50 रन बनाए। अभय माने ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंद पर 41 रन बनाए 12 ओवर में 91 रन बनाए। केसीसीआर की टीम मैच को रोचक बना दिया। शुरू से उनके बल्लेबाज फाइट कर रहे थे। किंतु सन्नी और मो.साहिबा के घातक बोलिंग से जेसीसी की पूरी टीम 81 रन पर ऑल आउट हो गई। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी बीडीसीए के जोगेंद्र ठाकुर ने प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि बोलिंग बैटिंग के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम होना चाहिए। फिटनेस के दम पर ही खिलाड़ी खेल के किसी भी क्षेत्र में अपना योग्यता साबित कर सकते हैं। मैच के अंपायर पंकज मूर्ति, अभय माने, मोहम्मद साहिबा,अभिषेक बनिक, हर्ष पांडे,हरेंद्र राजपूत थे। खेल संचालन के लिए राजेंद्र डेकाटे सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजकुमार महतो, जोगेंद्र ठाकुर, सुनील पिल्ले, कोटेश्वरा राव नायडू, वेद प्रकाश सोनी, चंद्र मोहन वर्मा, राजेश देशमुख, मनोज साहू, राजेश जेना, अभय माने, अविनाश सेट,अविनास माने, मधु सूदन वर्मा, विवेक राय, सागर शर्मा, दीपक यादव और अन्य लोग उपस्थित थे।

## कन्या शिक्षा परिसर में धूमधाम से मना राष्ट्रीय युवा दिवस

### तंबाकू निषेध, नशा मुक्ति के लिए दिलाया गया शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखण्ड के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। शाला के प्राचार्य एआर नोन्हारे

- देश भक्ति एवं भाव विभोर कर देने वाली गीतों की प्रस्तुति

एवं स्टाफ द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई।

संस्था की छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचार को एवं देश प्रेम की भावना को विस्तार पूर्वक भाषण के माध्यम से बताया गया। कुछ छात्राओं द्वारा स्वामी



विवेकानंद के ऊपर लिखी गई देश भक्ति एवं भाव विभोर कर देने वाली गीतों को भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधानाध्यापक पांडे एवं व्याख्याता विजय कुमार मांझी ने स्वामी विवेकानंद के विचार, लक्ष्य, उद्देश्य को छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। प्राचार्य एआर नोनहारे द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए विवेकानंद के विचार को उठो जागो और तब तक रुको नहीं जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, के विचार को विस्तार पूर्वक समझाते हुए आत्मसात कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

आज राष्ट्रीय युवा दिवस के इस शुभ अवसर पर तंबाकू निषेध, नशा मुक्ति हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शाला परिसर को तम्बाकू मुक्त रखने हेतु तथा आस-पास के क्षेत्र में, अपने माता-पिता को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने, तंबाकू सेवन से मुक्ति हेतु प्रयास करने हेतु प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया गया।

### भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान...



**दंतेवाड़ा।** मां दंतेश्वरी प्रांगण दंतेवाड़ा में भाजपा ने आज स्वच्छता अभियान चलाया। विधायक चैतराम अटामी एवं प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां दंतेश्वरी प्रांगण की साफ-सफाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मंदिरों की साफ-सफाई का बीड़ा उठाया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

